Roll No. ..........................

Total No. of Pages : 3

Total No. of Questions : 13

# प्रवेशिका (5वीं) वार्षिक परीक्षा 2025-26

## विषय कोड : 0502

## पर्यावरण अध्ययन, भारतीय संस्कृति एवं खगोल विज्ञान

समय : 2½ घण्टे

पूर्णांक : 40

---

निर्देश :— **सभी** प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

1. सही विकल्प चुनकर लिखिए : 1×5=5

(1) आरती के रक्त की जाँच में हीमोग्लोबिन की कमी पाई गई, उसे निम्न में से कौनसी बीमारी हुई है ?

(*a*) चेचक (*b*) पेचिश

(*c*) ऐनीमिया (*d*) टायफाइड

(2) बीजों को कीड़ों से बचाने के लिए किस पेड़ की पत्तियाँ उपयोग की जाती हैं ?

(*a*) पीपल (*b*) नीम

(*c*) बरगद (*d*) आम

(3) कुत्तों में विशेष शक्ति होती है –

(*a*) देखने की (*b*) सूँघने की

(*c*) खाने की (*d*) पीने की

(4) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान स्थित है –

(*a*) उमरिया (*b*) पचमढ़ी

(*c*) शिवपुरी (*d*) मंडला

(5) बुधिया माई जंगल को कहती हैं –

(*a*) देना बैंक (*b*) साँझा बैंक

(*c*) खजाना (*d*) तिजोरी

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5×1=5

(*i*) नक्शे में ऊपर की .................... दिशा होती है।

(*ii*) पृथ्वी के नमूने को .................... कहते हैं।

(*iii*) जंगल को पढ़ना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि .................... को पढ़ना।

(*iv*) मैरीकॉम का सम्बन्ध .................... खेल से है।

(*v*) जब हम तेज दौड़ते हैं तो साँसों की गति .................... होती है।

3. भूकंप किसे कहते हैं ? 2

4. वाहन चलाने के लिए कौन-कौनसे ईंधनों का उपयोग किया जाता है ? लिखिए। 2

5. ऐसे **दो** वाद्य यंत्रों के नाम लिखिए जिन्हें फूँक मारकर बजाया जाता है। 2

6. संसार के सबसे नमकीन सागर का नाम लिखिए। 2

7. माउण्ट एवरेस्ट की ऊँचाई कितनी है ? 2

8. गोलकोंडा किले की दीवारें मोटी-मोटी क्यों बनाई गयी थीं ? 3

**अथवा**

लौह तत्व प्राप्त करने के लिए आप भोजन में क्या-क्या लेंगे ?

9. बावड़ी को सीढ़ीदार कुआँ क्यों कहते हैं ? 3

**अथवा**

हमें भोजन चबा-चबाकर क्यों खाना चाहिए ?

10. किन्हीं **तीन** प्राकृतिक आपदाओं के नाम लिखिए। 3

**अथवा**

तोरांग का अर्थ क्या होता है ?

11. पर्वतारोहियों को विटामिन 'सी' और आयरन की गोलियाँ क्यों दी जाती हैं ? 3

**अथवा**

खेलों का हमारे जीवन में क्या महत्व है ?

12. बाँध बनाने के कौन-कौनसे फायदे और नुकसान हैं ? लिखिए। 4

**अथवा**

खरीफ की फसल किसे कहते हैं ? दो उदाहरण लिखिए।

13. झूम खेती के बारे में लिखिए। 4

**अथवा**

यदि आपके इलाके में भूकम्प आ जाए तो आप क्या-क्या करेंगे ?